**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**यात्रियों की चेहरा पहचान तकनीक पर आधारित संपर्क रहित, निर्बाध और स्मार्ट प्रोसेसिंग के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नौ हवाई अड्डों पर डिजीयात्रा शुरू की गई।**

**नई दिल्ली, 06** सितंबर**, 2024** : माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज विशाखापत्तनम में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के नौ हवाई अड्डों - विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा (डाबोलिम), इंदौर, रांची, कोयंबटूर और बागडोगरा - पर डिजीयात्रा का शुभारंभ किया।

विशाखापत्तनम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय नागर विमानन मंत्री ने विशाखापत्तनम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए इस सेवा का उद्घाटन किया और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के आठ अन्य हवाई अड्डों के लिए भी इस सुविधा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। केंद्रीय नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एम. सुरेश और नागर विमानन मंत्रालय तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का उद्देश्य हवाई अड्डों पर चेहरा पहचान तकनीक (एफआरटी) के आधार पर यात्रियों की संपर्क रहित, निर्बाध प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान भाविप्रा के अध्यक्ष श्री एम. सुरेश ने माननीय नागर विमानन मंत्री जी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। भाविप्रा के अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में डिजीयात्रा की उल्लेखनीय यात्रा पर अपार गर्व व्यक्त किया जिसने हवाई यात्रा के यात्री अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है।

माननीय मंत्री जी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस सुविधा के प्रमुख लाभों पर प्रकाश डाला और 3 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा इसकी व्यापक स्वीकृति को देखते हुए कहा कि डिजीयात्रा नागर विमानन उद्योग में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है।

नागर विमानन मंत्रालय सभी भारतीय हवाई अड्डों पर यह सुविधा शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे यात्रियों को मजबूत डेटा सुरक्षा का भरोसा मिलेगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें:

: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 06/2024-25

माननीय नागर विमानन मंत्री जी ने भाविप्रा के नौ हवाई अड्डों पर डिजीयात्रा सुविधा शुरू की

डिजीयात्रा सुविधा के शुभारंभ के अवसर पर माननीय नागर विमानन मंत्री जी, भाविप्रा के अध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ

माननीय नागर विमानन मंत्री जी विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर

माननीय नागर विमानन मंत्री जी कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए ।